an>

Title: Regarding alleged activities of ISIS in Marathwada region of Maharashtra.

श्री राजीव सातव (हिंगोली) : अध्यक्ष जी, मैं यहां से अपनी बात रखना चाह रहा हूं। आतंकवाद आज देश ही नहीं पूरे विश्व में सामने आया है। हमारे केरल के कुछ साथियों ने कुछ दिन पहले केरल से कुछ युवा गायब होने की बात कही थी। इसी क्रम में महाराÂष्ट्र एंटी टेररिस्ट स्क्वॉयड के प्रमुख कुलकर्णी ने लातूर में यह कहा कि मराठवाड़ा के सौ से ज्यादा युवा इंटरनेट के माध्यम से टेररिस्ट आर्गनाइजेशन आईएसआईएस के संपर्क में हैं। यह जो उनका बयान आया, उससे बहुत बड़ी चर्चा महाराष्ट्र में हुई। कुछ दिन पहले मराठवाड़ा के परभनी शहर से दो युवाओं को महाराष्ट्र एंटी टेररिस्ट स्क्वॉयड ने अरेस्ट किया था। उनके पास से यह जानकारी आई है कि वे सीरिया के आतंकवादियों के साथ संपर्क में थे। इंटरनेट के माध्यम से बम बनाने का प्रशिक्षण भी उन्होंने प्राप्त किया था। औरंगाबाद और नागपुर में बम-विस्फोट करने का उनका प्लान था। यह बात सामने आई है। गृह मंत्री जी यहां सदन में उपस्थित हैं। मेरा आग्रह रहेगा कि यह गंभीर बात है, जब एक स्टेट के एंटी टेररिस्ट स्क्वॉयड के प्रमुख कहते हैं कि सौ से ज्यादा युवा गायब हैं, तो मेरा सरकार से आग्रह है कि जब ऐसी बात किसी एंटी टेररिस्ट स्क्वॉयड के प्रमुख की ओर से आती है तो सरकार के द्वारा इसके बारे में बयान आना चाहिए। क्या सचमुच सौ युवा गायब हैं और अगर गायब हैं, तो किसके संपर्क में हैं? इसके बारे में सदन को सरकार जानकारी दे।